जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरु मार्गए जयपुर.302004

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक : जविप्रा / अति.मु.न.नि. / मा.प्लान. / 2024 / डी– 320 दिनांक 02.08.2024

सार्वजनिक विज्ञप्ति

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन–11 में डिग्गी मालपुरा पर राजस्व ग्राम अचरावाला, जयसिहंपुरा उर्फ तेजावाला और अभयपुरा में लगभग 170.0 हैक्टेयर भूमि पर लैण्ड पूलिंग स्कीम (LPS) तैयार किये जाने हेतु राजस्थान लैण्ड पूलिंग स्कीम एक्ट, 2016 की धारा 4(i) के तहत अधिसूचना दिनांक 18.01.2024 को जारी की जा चुकी है।

राजस्थान लैण्ड पूलिंग स्कीम एक्ट, 2016 की धारा 7 (1) व राजस्थान लैण्ड पूलिंग स्कीम नियम, 2020 के प्रावधान संख्या–4 के तहत प्रस्तावित ड्राफ्ट लैण्ड पूलिंग स्कीम (LPS) के हितधारको को प्रारूप योजना के प्रस्तावों की जानकारी एवं सुझावों हेतु बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त ड्राफ्ट लेण्ड पूलिंग स्कीम (LPS) की सीमाओं का विवरण निम्नानुसार है :–

- **उत्तर–पूर्व सीमा** :– रिंग रोड योजना की बाहरी सड़क।
- **दक्षिण–पूर्व सीमा** :– डिग्गी मालपुरा सड़क (एसएच 12)।
- **दक्षिण–पश्चिम सीमा** :– डिग्गी मालपुरा रोड को जयसिंहपुरा उर्फ तेजावाला गांव से जोड़ने वाली जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 मीटर चौड़ी सड़क। जविप्रा की आदित्य विहार योजना का LPS योजना में सम्मिलित नहीं किया गया है।
- **उत्तर–पश्चिम सीमा** :– राजस्व ग्राम अचरावाला, जयसिहंपुरा उर्फ तेजावाला और अभयपुरा को रिंग रोड योजना से जोड़ने वाली जोनल विकास योजना की प्रस्तावित 30 मीटर चौड़ी सड़क।

उपरोक्त सीमाओं में सम्मिलित भूमि को दर्शाते हुए मानचित्र का अवलोकन जविप्रा की बेवसाईट http://www.jda.urban.rajasthan.gov.in/ पर किया जा सकता है।

उक्तानुसार ड्राफ्ट स्कीम की सीमाओं के अन्तर्गत आने वाली समस्त भूमियों के भू–स्वामियों को ड्राफ्ट योजना के प्रावधानों व प्रस्तावों के संबंध में अवगत करवाये जाने हेतु दिनांक 12.08.2024 को अपराह्न 03:00 बजे मंथन सभागार, द्वितीय–तल, जयपुर विकास प्राधिकरण, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर में बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें योजना में सम्मिलित समस्त भूमियों के भू–स्वामी आमंत्रित है। सभी हितधारकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लेवें।

(हेम पुष्पा शर्मा)
सचिव
जविप्रा, जयपुर।

RajKaj Ref
9439920

Signature valid
Digitally signed by Hem Pushpa Sharma
Designation : Secretary
Date: 2024.08.01 23:12:38 IST
Reason: Approved

जयपुर विकास प्राधिकरणए जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

रामकिशोर व्यास भवनए इन्दिरा सर्किलए जवाहर लाल नेहरु मार्गए जयपुर.302004

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक : जविप्रा / अति.मु.न.नि. / मा.प्लान. / 2024 / डी– 321 दिनांक 02.08.2024

बैठक सूचना

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन–11 में डिग्गी मालपुरा पर राजस्व ग्राम अचरावाला, जयसिंहपुरा उर्फ तेजावाला और अभयपुरा में लगभग 170.0 हैक्टेयर भूमि पर लैण्ड पूलिंग स्कीम (LPS) तैयार किये जाने हेतु राजस्थान लैण्ड पूलिंग स्कीम एक्ट, 2016 की धारा 4(i) के तहत अधिसूचना दिनांक 18.01.2024 को जारी की जा चुकी है।

राजस्थान लैण्ड पूलिंग स्कीम एक्ट, 2016 की धारा 7 (1) व राजस्थान लैण्ड पूलिंग स्कीम नियम, 2020 के प्रावधान संख्या–4 के तहत प्रस्तावित ड्राफ्ट लैण्ड पूलिंग स्कीम (LPS) के हितधारको को प्रारूप योजना के प्रस्तावों की जानकारी एवं सुझावों हेतु बैठक दिनांक 12.08.2024 को अपराह्न 03:00 बजे मंथन सभागार में आयोजित की जा रही है, जिसमें निम्न अधिकारीगण उपस्थित होने का श्रम करे :–

1. सचिव, जविप्रा, जयपुर।
2. निदेशक (नगर आयोजना), जविप्रा
3. अतिरिक्त आयुक्त (भूमि), जविप्रा, जयपुर।
4. उपायुक्त, जोन–11, जविप्रा, जयपुर।
5. अधिशाषी अभियंता, जोन–11, जविप्रा, जयपुर।
6. जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।

(हेम पुष्पा शर्मा)
सचिव
जविप्रा, जयपुर।

प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक (नगर आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
4. सरपंच, ग्राम पंचायत–कपूरावाला को प्रेषित कर लेख है कि बैठक में भाग लेनें का श्रम करें।
5. उपायुक्त, जोन–11, जविप्रा को प्रेषित कर लेख है कि योजना क्षेत्र में व्यापक प्रचार–प्रसार कर बैठक में हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित करावें।
6. अधिशाषी अभियंता, जोन–11, जविप्रा, जयपुर।
7. उप निदेशक, जनसम्पर्क, जविप्रा को प्रेषित कर लेख है कि सार्वजनिक विज्ञप्ति को समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाये जाने का श्रम करें।
8. उपायुक्त, स्टोर, जविप्रा, जयपुर।
9. केयर टेकर, जविप्रा, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि बैठक में अल्पाहार / जलपान की व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध करवाने की सुनिश्चितता की जावे।

(हेम पुष्पा शर्मा)
सचिव
जविप्रा, जयपुर।

RajKaj Ref
9439920

Signature valid

Digitally signed by Hem Pushpa Sharma
Designation : Secretary
Date: 2024.08.01 23:12:38 IST
Reason: Approved